11.05.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने के बावजूद तेज गर्मी और लू का प्रकोप जारी–मौसम विभाग ने 14 मई तक आंधी –बारिश की संभावना जताई।

- बिजली मंत्रालय ने आश्वस्त किया–देश में गर्मी के मौसम में बिजली की आपूर्ति पर्याप्त रूप से होती रहेगी।

- आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। –मुख्यमंत्री ने देश को सशक्त बनाने में जुटे सभी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं।

- आई.आर.सी.टी.सी. श्रद्धालुओं को सात ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराने के लिए एक जून को जयपुर से भारत गौरव ट्यूरिस्ट ट्रेन चलायेगा।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने के बावजूद तेज गर्मी और लू का प्रकोप आज भी जारी रहा। चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली गर्मी ने सभी को परेशान कर रखा है। मनुष्यों सहित पशु पक्षी, पेड़–पौधे सभी गर्मी से आहत हो रहे है। तेज गर्मी का असर सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलता है। जिससे सड़कें और बाजार सूने रहने लगे हैं। हमारे झालावाड संवाददाता ने बताया कि गर्मी के कारण पानी की मांग बढ़ने से पेयजल की किल्लत भी होने लगी है।

......................

इस बीच जिला प्रशासन गर्मी के दौरान आमजन को राहत देने के लिए विभिन्न प्रयास कर रहा है। पाली में आज इसके लिये सड़कों पर पानी की बौछारें की गई। बाड़मेर में पशुओं के लिये खेलियों में पानी भरा गया। वहीं केन्द्रीय बिजली मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि देश में गर्मी के मौसम में बिजली की आपूर्ति पर्याप्त रूप से होती रहेगी।

राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 41–45 डिग्री दर्ज किया गया। बीकानेर सबसे गर्म रहा, जहां 45 दशमलव 5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि कल कोटा, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर संभागों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर, संभागों में कहीं–कहीं पर हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने 14 मई तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताते हुए कहा कि इस दौरान अधिकतम तापमान 42 डिग्री के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग ने कहीं–कहीं बिजली गिरनी की चेतावनी भी जारी की है। विभाग ने इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में आमजन से सुरक्षा उपाय अपनाने को कहा है।

000

पशुपालन विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओं की उचित देखभाल के निर्देश दिये हैं। विभाग ने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल में जरा सी लापरवाही उन्हें गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती है, जिससे पशुओं की जान भी जा सकती है । तेज गर्मी से पशुओं में डिहाइड्रेशन, बुखार, सांस की गति बढ़ना, दूध उत्पादन में कमी, गर्भपात सहित कई अन्य परेशानियां हो सकती है, इसलिए जानवरों को खुले और हवादार स्थान पर रखना चाहिए। उन्हें दिन में 4 बार पानी पिलाना चाहिए। साथ ही पशुओं के रहने के स्थान पर अगर शेड लगवाएं तो वह उचित ऊंचाई की होनी चाहिए।

000

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में 11 और 13 मई को जैसलमेर जिले में पोकरण के पास स्थिति खेतोलाई गांव के पास दो सफल परमाणु परीक्षण किये गये थे। इस मिशन को ऑपरेशन शक्ति का नाम दिया गया था। इसका नेतृत्व भारत के मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था। यह दिन देश की तकनीकी क्रांति

के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश के जरिये भारत को आधुनिक, विकसित और सशक्त बनाने में जुटे सभी वैज्ञानिकों और इंजिनियरों को शुभकामनाएं दी हैं।
राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी दिवस पर बीकानेर के राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की पूर्व संध्या पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ द्वारा अपनी प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठानों में विभिन्न व्याख्यान और भाषण कार्यक्रम आयोजित किए। रक्षा विज्ञान मंच (डीएसएफ) द्वारा भी दिल्ली में विशेष समारोह आयोजित किया गया।
इस अवसर पर अपने संबोधन में डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने वैज्ञानिकों से देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करके राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने की अपील की।

000

खान मंत्रालय के सचिव वीएल कांथा राव ने आज नई दिल्ली में खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड यानि काबिल के पंजीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। काबिल, खान मंत्रालय के अंतर्गत सीपीएसई, नाल्को, एचसीएल और एमईसीएल द्वारा गठित एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे विदेशों में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज संपत्तियों की पहचान, खोज, अधिग्रहण और विकास का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। खान सचिव ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि दिल्ली में काबिल के कार्यालय का उद्घाटन, भारत की खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयासों के एक नए युग का प्रतीक है।

000

राज्य सरकार ने ई–फाइलिंग सिस्टम में प्रदेश के 47 जिलों के कलेक्टरों की रैंकिंग जारी की है। रैकिंग रिपोर्ट के अनुसार नवगठित जिलों में तैनात कलेक्टर सबसे तेज गति में फाइलों का निपटारा कर रहे हैं। सलूंबर कलेक्टर सबसे तेज हैं, वे अपने कार्यालय में आने वाली एक फाइल 11 मिनट में निपटा रहे हैं। सूची में सलूंबर, शाहपुरा, ब्यावर, केकड़ी, सांचौर, गंगापुर सिटी और खैरथल–तिजारा सर्वश्रेष्ठ 10 जिलों में शामिल हैं।

000

..................

इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन–आई.आर.सी.टी.सी. श्रद्धालुओं को सात ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराने के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलायेगा। यह ट्रेन 1 जून को जयपुर से रवाना होकर अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर होते हुए चलेगी। 11 दिन की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को द्वारिका, सोमनाथ, त्रयम्बकेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ–साथ भेंट द्वारका और द्वारकाधीश मंदिर को देखने का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है। यात्रा की विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप नम्बर 90010–94705 और 85959–30998 से तथा आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

000

सेना के तीनों अंगों के एकीकरण के लिए दूसरा परिवर्तन चिंतन सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए एकीकरण की प्रक्रिया को तेज़ करने पर बल दिया ताकि सेना की समेकित दक्षता में वृद्धि हो। श्री चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन से देश की क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता के बेहतर तरीके से संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मेलन में सेना के तीनों अंगों के मुख्यालयों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

000

जयपुर के सेना कौशल प्रशिक्षण केंद्र की ओर से प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के पाठ्यक्रमों का दीक्षांत समारोह आज जयपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आवा सप्त शक्ति कमांड की क्षेत्रीय अध्यक्ष कोमल सेठ ने 66 अभ्यर्थियों को उनके पाठ्यक्रम के सफल समापन पर प्रमाण पत्र दिये। सेना कौशल प्रशिक्षण केंद्र, जयपुर प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा मान्यता प्राप्त एक नोडल केंद्र है जिसके अंतर्गत तीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

000

जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने एक नवाचार के तहत रामबाग स्थित ट्रैफिक सिग्नल में थोड़ा बदलाव किया है। अब ट्रैफिक लाइट के साथ पूरा पोल सिग्नल देगा, जिस रंग की ट्रैफिक लाइट होगी, पोल उसी रंग का नजर आएगा। ट्रायल सफल रहने पर राजधानी के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी ये सिस्टम लगाया जाएगा। इसमें वाहन चालकों को दूर से ही ट्रैफिक लाइट दिख सकेगी।

000

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बकायादारों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजना के तहत बकाया प्रभार राशि जमा कराने पर ब्याज और शास्ति में छूट दी जा रही है। राज्य के उपभोक्ता 31 मई तक एक मुश्त राशि जमा करा कर शत–प्रतिशत छूट हासिल कर सकते हैं। ये छूट सभी श्रेणी के पेयजल उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 तक के बकाया पर ही लागू होगी।

000

आज विश्व प्रवासी पक्षी दिवस है। ये दिन हर साल मई महीने के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक अभियान है, जो प्रवासी पक्षियों और सीमाओं के पार उनकी यात्राओं के संरक्षण को बढावा देता है। इस अवसर पर कोटा में वन्य जीव विभाग की ओर से अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान लोगों को प्रवासी पक्षियों की जानकारी दी गई। इस वर्ष प्रवासी पक्षी दिवस की थीम ''कीटों की रक्षा करें, पक्षियों की रक्षा करें'' रखी गयी है। इसी के मद्दे नजर कीटों के महत्व के बारे में जागरुकता बढाने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

000

नागौर जिले के कुचेरा क्षेत्र में आज छीलरा गांव के पास दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद खाई में गिर गई। हादसे में एक महिला घायल हो गई।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा, 2023 के तहत 27 विभिन्न ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन आगामी 16 से 24 मई तक और 28 मई से 2 जून तक किया जाएगा। परीक्षा दो पारी में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक होगी।

000